भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
27.07.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1823 का उत्तर

रेलगाड़ियों को पुन: शुरू करना

1823. श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के दौरान उनके निर्वाचन क्षेत्र में बंद की गई रेलगाड़ियों को फिर से शुरू करने के लिए मंत्रालय को सुझाव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो आज की तिथि तक शुरू की गई रेलगाड़ियों की संख्या कितनी है; और

(ग) यदि नहीं, तो रेल सेवा शुरू नहीं करने के क्या कारण हैं और सभी रेलगाड़ियों के कब तक फिर से शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) जी हां।

(ख) और (ग) कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए, भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों को बंद कर दिया था। नवंबर 2021 से मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों को नियमित संख्या और यौक्तिसंगत समय सारणी के अनुसार परिचालित किया जा रहा है। 20.07.2022 को, औसत दैनिक आधार पर 9823 गाड़ियां जिसमें 1882 मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां सहित 5651 उपनगरीय गाड़ियां और 2290 यात्री गाड़ियां भारतीय रेल पर परिचालित की गई थी। इसके अलावा, यात्री गाड़ियां सेवा चरणबद्ध तरीके से बहाल की जा रही है, बशर्ते कि परिचालनात्मक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक औचित्य हो।

*****